मेरी पहचान खाटूवाला श्याम | by Shivam Goyal (Jind)

मैं गर्व से कहता हूँ मेरी पहचान है खाटूवाला
मेरा सांवरिया है मेरा दिल खाटूधाम है मेरी मंज़िल
मैं गर्व से कहता हूँ मेरा अभिमान है खाटूवाला
मैं गर्व से कहता हूँ मेरी पहचान है खाटूवाला

प्यार श्याम का पा कर समझूँ खुद को किस्मत वाला
बिन मांगे ही देता रहता ऐसा है दिलवाला
मैं गर्व से कहता हूँ मेरा निगेहबान है खाटू वाले
मैं गर्व से कहता हूँ मेरी पहचान है खाटूवाला

जबसे मैंने अपना सबकुछ इसके किया हवाले
बोझ मेरे परिवार का बाबा अब तो खुद ही संभाले
मैं गर्व से कहता हूँ.ये मेरी शान है खाटूवाला
मैं गर्व से कहता हूँ मेरी पहचान है खाटूवाला

करके सेवा श्याम प्रभु की इज़्ज़त शोहरत पाई
रहे साथ जीवन मरण कुंदन वो दौलत पाई
मैं गर्व से कहता हूँ .मेरा सम्मान है खाटूवाला
मैं गर्व से कहता हूँ मेरी पहचान है खाटूवाला

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%aa%e0%a4%b9%e0%a4%9a%e0%a4%be%e0%a4%a8-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be-2/